# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 12.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिन्दवारी पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल। लखनऊ की रहने वाली लगभग पांच माह से घर से भटकी मानसिक रुप से मंद महिला के परिजनों की पहचान कर किया गया सुपुर्द। परिजनों ने पुलिस को हृदय से दिया धन्यवाद।**

**विवरण**– थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा संवेदनशीलता एवं मानवता की एक अनोखी मिशाल पेश की गई। गौरतलब हो कि दिनांक 08.09.2025 को थाना तिन्दवारी क्षेत्र अंतर्गत सेमरी–भुजौली लिंक रोड के पास एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला बरामद हुई। थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा उक्त महिला को अभिरक्षा में लेकर आवश्यक देखभाल एवं भोजन की व्यवस्था कराई गई तथा उसके परिजनों की खोज हेतु प्रयास प्रारम्भ किए गए। महिला द्वारा बताए गए अस्पष्ट पतों का गहन सत्यापन चौकी प्रभारी कुरसेजा, श्रीमती रोशनी सेंगर द्वारा कराया गया। जांचोपरांत यह तथ्य प्रकाश में आया कि महिला रेनू पुत्री हरिशंकर निवासी राजेंद्र नगर थाना नाका हिंडोल जनपद लखनऊ की रहने वाली है। परिजनों से दूरभाष पर सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा लगभग पांच माह पूर्व घर से लापता हो गई थी। इस संबंध में थाना नाका हिंडोला लखनऊ में गुमशुदगी दर्ज थी। आज दिनांक 12.09.2025 को महिला के परिजन थाना तिन्दवारी उपस्थित हुए। विधिक एवं औपचारिक कार्यवाही पूर्ण करने उपरांत पुलिस टीम द्वारा महिला को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा थाना तिन्दवारी पुलिस टीम के इस संवेदनशील एवं मानवीय प्रयास हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।